एफएसएसएआई
fssai
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE



MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

26th & 27th September, 2025
Bharat Mandapam, New Delhi

3rd GLOBAL FOOD REGULATORS SUMMIT-2025

Evolving Food Systems

Yatha Annam Tatha Manah

Date: 26-27 September 2025
Venue: Bharat Mandapam, Pragati Maidan, New Delhi

Overview

The Global Food Regulators Summit is an endeavor of Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI), Ministry of Health and Family Welfare to create a platform of food regulators to exchange perspectives on strengthening food safety systems and regulatory framework across the food value chain.

The Food Safety and Regulatory Ecosystem needs to be constantly adapted to the emerging food hazards, new technologies, pandemic scenarios and ever evolving consumer needs. While there is evolution of food safety and regulatory framework across the globe, it is also extremely important to foster harmonisation of these policies to enable exchange of knowledge for building strategies to ensure safety and quality and provide safe food for all.

Objectives

- **Advance Regulatory Science & Innovation:** Promote cutting-edge scientific methodologies and digital tools to enhance risk assessment, surveillance, and decision-making—aligned with the *"Science in Action"* theme of World Food Safety Day 2025.
- **Foster Sustainable & Resilient Food Systems:** Support environmentally responsible food production, packaging, and waste reduction to contribute to long-term planetary and public health.
- **Ensure Nutritional Security:** Address emerging nutrition challenges by promoting safe and diverse food options, and enabling regulatory pathways for novel nutritional solutions.
- **Strengthen Global Regulatory Collaboration:** Promote international harmonization of standards, transparent food trade, and adoption of digital frameworks to enable seamless cross-border cooperation.
- **Fortify Surveillance, Labs & Testing Ecosystems:** Enhance infrastructure, analytical capabilities, and methodologies for robust food safety monitoring and rapid response.
- **Anticipate & Mitigate Emerging Risks:** Build foresight and resilience to tackle evolving risks—such as food fraud, novel contaminants, and antimicrobial resistance (AMR)—across the food value chain.

Participants

- All major food regulators globally of different countries
- International organizations: WHO, CODEX, FAO, EFSA (EU)
- International Food Research Institute: German Federal Institute for Risk Assessment (Germany). Center for Food Safety and Applied Nutrition (CFSAN) (USA), Health Canada, Australian Institute of Food Safety and Technology. The Brazilian Agricultural Research Corporation, National Food Research Institute Japan, Department for Environment, Food & Rural Affairs DEFRA (UK) etc.
- National Stakeholders: Department of Commerce, Ministry of Food Processing APEDA, MPEDA, EIC, IOPEPC, Spices Board, Tea Board, Coffee Board, DGFT, SHEFEXIL, CAPEXIL, importers, exporters, manufacturers, traders, industry association like Federation of Indian Export Organisations (FIEO), Forum of Indian Food Importers (FIFI), CII, FICCI, ASSOCHAM, IDA, IHA, IFBA, AIFPA etc., National institutes of research like CFTRI, NIFTEM, Central Institute of Fisheries Technology (CIFT), Central Institute of Fisheries Education (CIFE), National Research Centre (NRC) on meat, peanut and grapes etc., ABLE India, GFI etc.

Focus Areas

Enable dialogues on:

1. Global Regulatory Harmonization & Policy Frameworks
2. Integrating Science and Technologies towards Sustainable Food Systems
3. Dynamic Food Landscape – A Need for Pragmatic Approaches
4. Traditional Foods & Global Standards
5. Harnessing Digital Systems for Intelligent Surveillance and Proactive Risk Management
6. Empowering Regulators: Next-Generation Skills for a Complex Food System
7. Driving Food Safety: Through Strategic Public-Private Engagements
8. Combating Obesity: Nutrition, Fitness and Consumer Awareness

Expected Outcomes

- Enabling a Cohesive Network on Food Safety and Regulatory aspects.
- Enabling effective understanding of compliance requirements and mutual exchange of best practices, experiences and success stories on food safety norms/regulations.
- Explore opportunities to identify collaborative work areas to establish synergies among global regulators/organizations/agencies.

PROGRAMME SCHEDULE FOR GFRS-2025

VENUE: BHARAT MANDAPAM, NEW DELHI (DAY 01 - 26th September 2025)

Time	Plenary Sessions	Parallel Sessions	Networking & Exhibitions
08:00 – 10:30	Registration *(Conference Area)*		
10:30 – 11:30	Opening Ceremony *(Plenary Hall; Level-3)* Welcome Address & Special Address Releases and Launches, Inaugural Address		
11:30 – 11:45			*Traditional Wisdom & Modern Science for Nutrition Showcase* *(Pre-function Area; Level-2)*
11:45 – 13:00	Session I: Global Regulatory Harmonization & Policy Frameworks *(Plenary Hall; Level-3)* Theme: Aligning national food laws with international standards and fostering consistent regulatory environments and exploring regulatory sandboxes to test new policies and foster consistent and safe global trade Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	Ambassadors Conclave *(Summit Room; Level-2)* Theme: International Cooperation for cohesive food Regulation	
13:00 – 13:45			Networking Lunch & *Sustainable Innovations in Food Showcase* *(Multi-purpose Hall; Level-3)*
13:45 – 15:00	Session II: Integrating Science and Technologies towards Sustainable Food System *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Focusing on regulatory incentives and processed food waste, fostering resource efficiency, packaging recycling regulation as a global model, Concerns of Micro and Nano plastics as food contaminants Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	Roundtable Dialogue (MSMEs/Startups) *(Summit Room; Level-2)* Theme: Strengthening Food Safety Culture in MSMEs- Challenges and Opportunities	
15:00 – 16:15	Session III: Dynamic Food Landscape – A Need for Pragmatic Approaches *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Novel Food, New food Sources and Production systems & Emerging Technologies – Balancing Science and Trade Ecosystem Context Setting, Key note Address & Panel Discussion		
16:15 – 16:30			Tea/Coffee Break & *Ayurveda Aahar- A Personalized Food System Showcase* *(Pre-function Area; Level-2)*
16:30 – 17:45	Session IV: Traditional Foods & Global Standards *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Global traditional food regulations, ethnic Foods, Integration of traditional foods in global food ecosystems, promotion of traditional foods to enhance global food diversity and nutritional wellness Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	CEO Conclave *(Summit Room; Level-2* Theme: Responsible Food Systems- Compliance & Consumer Trust	
18:00 onwards	Cultural Evening *(Auditorium-2; Level-2)*		Dinner *(Multi-purpose Hall; Level-3)*

DAY 02 - 27th September 2025			
Time	**Plenary Sessions**	**Parallel Sessions**	**Networking & Exhibitions**
10:00 – 11:15	Session V: Harnessing Digital Systems for Intelligent Surveillance and Proactive Risk Management *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Impact of digital transformation on food safety, including AI-driven lab networks and next-gen analytical methods for precision testing, implementing data-driven, risk-based inspection systems and improving global traceability for food authentication and e-commerce regulation Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	FSSAI-WHO Master Class Program (Technical Session) *(Leaders Lounge; Level-2)* Theme: CODEX & WHO Frameworks, Principles & Tools	
11:15 – 12:00			Tea/Coffee Break & *Food Safety Ecosystem Digital Exhibition* *(Pre-function Area; Level-2)*
12:00 – 13:15	Session VI: Empowering Regulators: Next-Generation Skills for a Complex Food System *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Addressing the critical need for developing the human capital within the global food safety ecosystem, focusing on the skills, mindset, and communication strategies required for regulators and food safety professionals to effectively manage evolving challenges Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	FSSAI-WHO Master Class Program (Interaction Session) *(Leaders Lounge; Level-2)* Theme: CODEX & WHO Frameworks, Principles & Tools	
13:15 – 14:00			Networking Lunch & *"Spice Route" Showcase* *(Multi-purpose Hall; Level-3)*
14:00 – 15:15	Session VII: Driving Food Safety: Through Strategic Public-Private Engagements *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Role of Public private partnership in creating sustainable food safety eco-system, PPP-led initiatives to empower small food businesses, Engagements around R&D for antibiotic alternatives, AMR surveillance through industry-led pilots, Strengthening Global Supply Chain Resilience and crisis management Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	Bilateral and Networking Sessions on the Margins *(Bilateral Room; Level-1)*	
15:15 – 15:30			Tea/Coffee Break & *Sustainable Food Safety Practices Showcase* *(Pre-function Area; Level-2)*
15:30 – 16:45	Session VIII: Combating Obesity: Nutrition, Fitness and Consumer Awareness *(Auditorium-2; Level-2)* Theme: Diverse Nutrient-Rich Diets, Role of regulation in Reformulation of Food: Promoting millets and advanced nutrient delivery systems, complimentary regulatory mechanisms to control advertising and marketing and raising consumer awareness Context Setting, Key note Address & Panel Discussion	Bilateral and Networking Sessions on the Margins *(Bilateral Room; Level-1)*	
16:45 – 17:45	Valedictory Ceremony *(Auditorium-2; Level-2)* Closing Remarks & Valedictory Address		

Key Thematic Areas & Session Discussions

The summit's architecture is structured around eight inter-connected plenary sessions, directly mapping to FSSAI's core organizational structure, complemented by high-level parallel conclaves, reflecting the most pressing and forward-looking aspects of food safety regulation, designed to align with global, national, and state-level relevance and aligning with Lab-to-Life Innovation" theme.

Session I: Global Regulatory Harmonization & Policy Frameworks

Strategic Focus: To establish a unified global policy landscape by promoting the adoption of international standards like Codex and fostering regulatory coherence. This session will explore the use of mutual recognition agreements, regulatory impact assessments, and innovative policy tools like sandboxes to reduce trade friction and ensure consistent safety standards across borders.

Discussion Topics:

Codex Alimentarius Implementation & Beyond: Practical adoption strategies for Codex standards, institutional mechanisms for harmonization, and the role of regional bodies in global standard-setting.

Trade Facilitation & Regulatory Cohesion: Addressing trade complexities arising from differing national standards, exploring mutual recognition agreements, and fostering inter-state regulatory alignment within federal structures.

Regulatory Impact Assessment (RIA) & Best Practices: Knowledge sharing on global case studies in regulatory impact analysis, focusing on effectiveness, efficiency, and unintended consequences.

Regulatory Sandboxes for Policy Innovation: Discussing the design and implementation of regulatory sandboxes to test new policies (e.g., for digital traceability, new business models) in a controlled environment before national rollout.

Capacity Building and Technical Assistance: Focusing on strategies and international partnerships to support developing countries in strengthening their regulatory systems to meet global standards.

Session II: Integrating Science and Technologies towards Sustainable Food Systems

Strategic Focus: To integrate environmental stewardship with food safety by examining the regulatory implications of sustainable practices. This session will focus on creating frameworks for the circular economy, addressing climate-induced food safety risks, and evaluating the role of biotechnology in building resilient and environmentally responsible food systems.

Discussion Topics:

Sustainable Food Production Standards: Developing regulatory incentives for environmentally responsible practices like regenerative agriculture, climate-resilient crops, and sustainable aquaculture.

Circularity in Food Systems: Focusing on regulatory frameworks to minimize post-harvest losses and

processed food waste, including scaling regulations for recycled food contact materials (like rPET).

Addressing Emerging Contaminants: Discussing the regulatory concerns and scientific assessment of micro and nano plastics as food contaminants.

Climate Change and Food Safety: Analyzing the impact of climate change on food safety (e.g., increased mycotoxins, new pest patterns) and developing adaptive regulatory strategies.

Biotechnology for Sustainability: Examining the regulatory landscape for biotechnologies (like gene editing) that can enhance crop resilience, reduce pesticide use, and contribute to sustainable food systems.

Session III: Dynamic Food Landscape – A Need for Pragmatic Approaches

Strategic Focus: To develop agile and pragmatic regulatory frameworks that can keep pace with rapid innovation in food technology. This session will concentrate on creating clear approval pathways for novel foods, such as those from cellular agriculture and precision fermentation, while ensuring robust safety assessments and building consumer trust.

Discussion Topics:

Agile Regulatory Pathways for Novelty: Establishing safe, flexible, and clear approval processes for innovative food technologies (e.g., cellular agriculture, precision fermentation).

Balancing Innovation and Safety: Discussing risk assessment methodologies for emerging technologies and ensuring consumer trust through transparent and science-based regulation.

Fast-Track Innovation & Ease of Doing Business: Streamlining approval processes for breakthrough safety technologies and novel food products to support a dynamic food industry.

Global Collaboration on Safety Assessments: Establishing frameworks for international collaboration on the safety assessment of new food technologies to avoid duplication of efforts and foster trust.

Consumer Communication and Trust Building: Developing strategies for transparent communication with the public about the benefits and risks of novel foods to build consumer confidence.

Session IV: Traditional Foods & Global Standards

Strategic Focus: To bridge the gap between ancient food wisdom and modern nutritional science by developing global standards for traditional and ethnic foods. This session will also explore regulatory pathways for the growing categories of functional and personalized foods, ensuring their safety, efficacy, and truthful claims.

Discussion Topics:

Global Regulations for Traditional Foods: Examining different national and regional approaches to regulating traditional foods and identifying pathways for harmonization.

Integrating Traditional Knowledge Systems: Discussing the integration of systems like Ayurveda Aahar into modern regulatory frameworks while respecting cultural heritage.

Frameworks for Functional Foods: Establishing clear criteria for substantiating health claims for

functional foods to ensure they are based on scientific evidence.

Regulating Personalized Nutrition: Addressing the challenges of regulating personalized nutrition services and products, from data privacy to safety and efficacy.

Promoting Food Diversity for Nutritional Wellness: Highlighting how traditional, functional, and personalized foods can collectively contribute to global food diversity and improve public health outcomes.

Session V: Harnessing Digital Systems for Intelligent Surveillance and Proactive Risk Management

Strategic Focus: To shift food safety from a reactive to a proactive model by harnessing the power of digital transformation. This session will focus on building intelligent surveillance systems using AI and bigdata, strengthening lab networks, and leveraging blockchain for end-to-end supply chain traceability and integrity.

Discussion Topics:

Risk-Based Inspection Systems: Implementing data-driven, risk-based inspection systems to prioritize resources and enhance the efficiency of regulatory oversight.

Revolutionizing Lab Networks: Strengthening lab networks with AI, automation, and next-gen analytical methods for precision testing and rapid diagnostics.

Global Traceability and E-commerce Regulation: Improving global traceability for food authentication and developing harmonized regulatory frameworks for the cross-border e-commerce food sector.

Predictive Analytics for Outbreak Prevention: Exploring the use of AI and big data to predict potential food safety hotspots and prevent outbreaks before they occur.

Blockchain for Supply Chain Integrity: Assessing the potential and challenges of using blockchain technology to enhance transparency, traceability, and trust in complex global supply chains.

Session VI: Empowering Regulators: Next-Generation Skills for a Complex Food System

Strategic Focus: To invest in the human capital of the global food safety ecosystem by identifying and developing the next generation of regulatory skills. This session will address the need for modernized training, fostering a proactive food safety culture, and equipping regulators with the communication and soft skills necessary for a complex world.

Discussion Topics:

Modernizing Regulatory Training: Designing new curricula for food inspectors that cover data science, risk communication, biotechnology, and circular economy principles.

Fostering a Proactive Food Safety Culture: Strategies for shifting the mindset within both regulatory agencies and food businesses from reactive compliance to a proactive culture of prevention.

Risk Communication in the Digital Age: Developing skills for regulators to clearly communicate complex science, uncertainty, and food safety incidents to a public influenced by social media.

Public-Private Partnerships in Workforce Development: Creating collaborative programs between government, academia, and industry to build a pipeline of skilled food safety professionals.

Soft Skills for the Modern Regulator: Emphasizing the importance of critical thinking, adaptability, and collaborative problem-solving for effective global cooperation.

Session VII: Driving Food Safety: Through Strategic Public-Private Engagements

Strategic Focus: To move beyond traditional oversight by establishing dynamic public-private engagement models that leverage shared expertise and resources. This session will explore collaborative frameworks for everything from R&D and AMR surveillance to joint crisis management and strengthening supply chain resilience.

Discussion Topics:

Role of PPPs in a Sustainable Food Safety Ecosystem: Exploring how public-private partnerships can build a sustainable food safety culture and create initiatives to empower small and medium-sized food businesses.

Collaborative R&D and AMR Surveillance: Fostering engagements around research for antibiotic alternatives and establishing industry-led pilots for AMR surveillance. **Strengthening Global Supply Chain Resilience:** Discussing joint strategies between public and private sectors to build more resilient and secure global food supply chains against disruptions.

Enhancing Food Authentication and Integrity: Focusing on collaborative approaches and technologies for food authentication to combat fraud and ensure product integrity.

Joint Crisis Management: Developing protocols for public-private response to food safety incidents, ensuring rapid communication, coordinated recalls, and effective public messaging.

Session VIII: Combating Obesity: Nutrition, Fitness and Consumer Awareness

Strategic Focus: To examine the role of food regulation as a key tool for advancing public health and combating non-communicable diseases. This session will focus on nutritional strategies such as promoting dietary diversity, incentivizing food reformulation, and implementing policies that empower consumers to make healthier choices.

Discussion Topics:

Promoting Diverse Nutrient-Rich Diets: Regulatory and promotional strategies for food diversification, including millets, and frameworks for food fortification.

Regulation for Food Reformulation: Examining regulatory mechanisms to encourage the reformulation of processed foods to reduce salt, sugar, and unhealthy fats.

Consumer Awareness and Responsible Marketing: Discussing regulatory mechanisms to control advertising of foods, particularly to children, and a wider discussion on strategies for raising consumer awareness.

Fiscal Policies and Public Health: Debating the role and impact of fiscal measures, such as taxes on sugar-sweetened beverages, in promoting healthier diets.

एफएसएसएआई
fssai
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE

FDA Bhawan, Kotla Road, New Delhi -110002

Connect with FSSAI

fssaiindia | fssai | fssai_safefood | fssaiindia | fssai_india

To know more about Global Food Regulators Summit 2025, please scan QR code

एफएसएसएआई
fssai
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE



वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2025

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भारत सरकार

26 और 27 सितंबर 2025

भारत मंडपम, नई दिल्ली

तीसरा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2025

खाद्य प्रणालियों का उद्भव

यथा अन्नम् तथा मन:

दिनांक : 26 और 27 सितंबर 2025
स्थान : भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली

सिंहावलोकन

वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया गया एक प्रयास है जिसका उद्देश्य खाद्य नियामकों का एक ऐसा मंच तैयार करना है जहाँ वे खाद्य मूल्य श्रृंखला में खाद्य सुरक्षा प्रणालियों और विनियामक संरचना को सशक्त बनाने पर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें।

खाद्य सुरक्षा और इसके विनियामक पारिस्थितिकी तंत्र को उभरते खाद्य संबंधी खतरों, नई तकनीकों, महामारी के परिदृश्यों और निरंतर बदलती उपभोक्ता आवश्यकताओं के अनुरूप सतत् रूप से अनुकूलित करने की आवश्यकता है। दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और विनियामक संरचना का विकास हो रहा है, लेकिन इन नीतियों में आपसी तालमेल स्थापित करना भी बेहद आवश्यक है ताकि सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी के लिए सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने हेतु कार्यनीतियाँ बनाने के ज्ञान का आदान-प्रदान हो सके।

उद्देश्य

- **विनियामक विज्ञान और नवाचार को उन्नत बनाना :** जोखिम मूल्यांकन, निगरानी और निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों और डिजिटल उपकरणों को प्रोत्साहन देना—जो विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 के "सक्रिय विज्ञान" विषय के अनुरूप है।
- **संधारणीय और लचीली खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देना :** दीर्घकालीन वैश्विक और सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान देने के लिए पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी खाद्य उत्पादन, पैकेजिंग और अपशिष्ट न्यूनीकरण का समर्थन करना।
- **पोषण मूल्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना :** सुरक्षित और विविध खाद्य विकल्पों को बढ़ावा देकर और नवीन पोषण समाधानों के लिए विनियामक मार्गों को सक्षम बनाकर उभरती पोषण चुनौतियों का समाधान करना।
- **वैश्विक नियामक सहयोग को मज़बूत करना:** निर्बाध रूप से सीमा-पार सहयोग को सक्षम करने के लिए मानकों के अंतर्राष्ट्रीय तालमेल, पारदर्शी खाद्य व्यापार और डिजिटल संरचनाओं को अपनाने को बढ़ावा देना।
- **निगरानी, प्रयोगशालाओं और परीक्षण पारिस्थितिकी तंत्रों को मज़बूत बनाना :** मज़बूत खाद्य सुरक्षा निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए बुनियादी संरचना, विश्लेषणात्मक क्षमताओं और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाना।
- **उभरते जोखिमों का पूर्वानुमान लगाना और उन्हें कम करना :** खाद्य मूल्य श्रृंखला में उभरते जोखिमों - जैसे खाद्य पदार्थों में धोखाधड़ी, नए संदूषक और रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) - से निपटने के लिए दूरदर्शिता और लचीलापन विकसित करना।

प्रतिभागी

- विभिन्न देशों के सभी प्रमुख वैश्विक खाद्य नियामक
- अंतर्राष्ट्रीय संगठन : विश्व स्वास्थ्य संगठन, कोडेक्स, एफएओ, ईएफएसए (यूरोपीय संघ)
- अंतर्राष्ट्रीय खाद्य अनुसंधान संस्थान : जर्मन फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर रिस्क एसेसमेंट (जर्मनी)। सेंटर फॉर फूड सेफ्टी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन (सीएफएसएएन) (अमेरिका), हेल्थ कनाडा, ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट ऑफ फूड सेफ्टी एंड टेक्नोलॉजी। ब्राज़ीलियन एग्रीकल्चरल रिसर्च कॉर्पोरेशन, नेशनल फूड रिसर्च इंस्टीट्यूट जापान, एनवायर्नमेंट, फूड एंड रूरल अफेयर्स डिपार्टमेंट डीईएफआरए (यूके) आदि।
- राष्ट्रीय हितधारक : वाणिज्य विभाग, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, एपीडा, एमपीईडीए, ईआईसी, आईओपीईपीसी, मसाला बोर्ड, चाय बोर्ड, कॉफ़ी बोर्ड, डीजीएफटी, एसएचईएफईएक्सआईएल, कैपेक्सिल, आयातक, निर्यातक, निर्माता, व्यापारी, उद्योग संघ जैसे भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (एफआईईओ), भारतीय खाद्य आयातकों का मंच (एफआईएफआई), सीआईआई, फिक्की, एसोचैम, आईडीए, आईएचए, आईएफबीए, एआईएफपीए आदि, राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान जैसे सीएफटीआरआई, निफ्टेम, केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईएफटी), केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (सीआईएफई), राष्ट्रीय मांस, मूंगफली और अंगूर आदि अनुसंधान केंद्र (एनआरसी), एबल इंडिया, जीएफआई आदि।

फोकस के क्षेत्र

इन पर वार्ता की सक्षमता :

1. वैश्विक विनियामक सामंजस्य और नीति रूपरेखा
2. संधारणीय खाद्य प्रणालियों की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकियों का एकीकरण
3. गतिशील खाद्य परिदृश्य - व्यावहारिक दृष्टिकोणों की आवश्यकता
4. पारंपरिक खाद्य पदार्थ और वैश्विक मानक
5. बुद्धिमान निगरानी और सक्रिय जोखिम प्रबंधन के लिए डिजिटल प्रणालियों का उपयोग
6. नियामकों का सशक्तीकरण : एक जटिल खाद्य प्रणाली के लिए अगली पीढ़ी के कौशल
7. खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना : सामरिक सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से
8. मोटापे से निपटना : पोषण, स्वास्थ्य और उपभोक्ता जागरूकता

अपेक्षित परिणाम

- खाद्य सुरक्षा और विनियामक आयामों पर एक समेकित नेटवर्क को सक्षम बनाना।
- अनुपालन आवश्यकताओं की प्रभावी समझ को सक्षम बनाना और खाद्य सुरक्षा मानदंडों/विनियमों पर सर्वोत्तम प्रथाओं, अनुभवों और सफलता की कहानियों का पारस्परिक रूप से आदान-प्रदान करना।
- वैश्विक नियामकों/संगठनों/एजेंसियों के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक कार्य क्षेत्रों की पहचान करने के अवसरों का पता लगाना।

जीएफआरएस-2025 के लिए कार्यक्रम की अनुसूची

स्थान : भारत मंडपम, नई दिल्ली

समय	पूर्ण सत्र	समानांतर सत्र	नेटवर्किंग और प्रदर्शनियां
08:00 – 10:30	पंजीकरण *(सम्मेलन क्षेत्र)*		
10:30 – 11:30	उद्घाटन समारोह (पूर्ण सत्र हॉल; तल-3) स्वागत भाषण एवं विशेष संबोधन, विमोचन एवं शुभारंभ, उद्घाटन भाषण		
11:30 – 11:45			पोषण के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का प्रदर्शन *(कार्यक्रम पूर्व क्षेत्र; तल-2)*
11:45 – 13:00	सत्र I: वैश्विक विनियामक सामंजस्य और नीति रूपरेखा (पूर्ण सत्र हॉल; तल-3) विषय: राष्ट्रीय खाद्य कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना और सुसंगत नियामक वातावरण को बढ़ावा देना तथा नई नीतियों का परीक्षण करने और सुसंगत एवं सुरक्षित वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विनियामक सैंडबॉक्स की खोज करना। संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	राजदूत सम्मेलन (शिखर सम्मेलन कक्ष; तल-2) विषय: समेकित खाद्य विनियमन हेतु अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	
13:00 – 13:45			नेटवर्किंग लंच और खाद्य प्रदर्शनी में सतत नवाचार (बहुउद्देश्यीय हॉल; तल-3)
13:45 – 15:00	सत्र *II:* संधारणीय खाद्य प्रणाली की दिशा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एकीकरण (सभागार-2; तल-2) विषय: विनियामक प्रोत्साहनों और प्रसंसाधित खाद्य अपशिष्ट पर फोकस करना, संसाधन दक्षता को बढ़ावा देना, वैश्विक मॉडल के रूप में पैकेजिंग पुनर्चक्रण विनियमन, खाद्य संदूषकों के रूप में सूक्ष्म और नैनो प्लास्टिक पर चिंताएँ संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	गोलमेज संवाद (एमएसएमई/स्टार्टअप) (शिखर सम्मेलन कक्ष; तल-2) विषय: एमएसएमई में खाद्य सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाना- चुनौतियाँ और अवसर	
15:00 – 16:15	सत्र *III:* गतिशील खाद्य परिदृश्य - व्यावहारिक दृष्टिकोण की आवश्यकता (सभागार-2; तल-2) विषय: नवीन खाद्य, नए खाद्य स्रोत और उत्पादन प्रणालियाँ और उभरती प्रौद्योगिकियाँ - विज्ञान और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा		
16:15 – 16:30			चाय/कॉफ़ी ब्रेक और आयुर्वेद आहार - एक व्यक्तिगत खाद्य प्रणाली प्रदर्शन (कार्यक्रम पूर्व क्षेत्र; तल-2)
16:30 – 17:45	सत्र *IV:* पारंपरिक खाद्य पदार्थ और वैश्विक मानक (सभागार-2; तल-2) विषय: वैश्विक पारंपरिक खाद्य नियम, जातीय खाद्य पदार्थ, वैश्विक खाद्य पारिस्थितिकी प्रणालियों में पारंपरिक खाद्य पदार्थों का एकीकरण, वैश्विक खाद्य विविधता और पोषण संबंधी स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	सीईओ कॉन्क्लेव (शिखर सम्मेलन कक्ष; तल-2) विषय: उत्तरदायी खाद्य प्रणालियाँ- अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास	
18:00 से	सांस्कृतिक संध्या (सभागार-2; तल-2)		रात्रिभोज (बहुउद्देश्यीय हॉल; तल-3)

दिन 02 - 27 सितंबर 2025			
समय	**पूर्ण सत्र**	**समानांतर सत्र**	**नेटवर्किंग और प्रदर्शनियां**
10:00 – 11:15	सत्र *V:* बुद्धिमानी से निगरानी और सक्रिय जोखिम प्रबंधन के लिए डिजिटल प्रणालियों का उपयोग (सभागार-2*;* तल-2) विषय: खाद्य सुरक्षा पर डिजिटल परिवर्तन का प्रभाव, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित प्रयोगशाला नेटवर्क और सटीक परीक्षण के लिए अगली पीढ़ी की विश्लेषणात्मक विधियाँ, डेटा-संचालित, जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणालियों का कार्यान्वयन और खाद्य प्रमाणीकरण एवं ई-कॉमर्स विनियमन के लिए वैश्विक रूप से पता लगाने की क्षमता में सुधार शामिल हैं। संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	एफएसएसएआई-डब्ल्यूएचओ मास्टर क्लास प्रोग्राम (तकनीकी सत्र) (लीडर्स लाउंज; तल-2) विषय: कोडेक्स और डब्ल्यूएचओ रूपरेखा, सिद्धांत और उपकरण	
11:15 – 12:00			चाय/कॉफी ब्रेक और खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र डिजिटल प्रदर्शनी (कार्यक्रम पूर्व क्षेत्र; तल-2)
12:00 – 13:15	सत्र *VI:* नियामकों का सशक्तीकरण: एक जटिल खाद्य प्रणाली के लिए अगली पीढ़ी के कौशल (सभागार-2*;* तल-2) विषय: वैश्विक खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में मानव पूंजी के विकास की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करना, नियामकों और खाद्य सुरक्षा पेशेवरों के लिए उभरती चुनौतियों का प्रभावी तरीके से प्रबंधन करने हेतु आवश्यक कौशल, मानसिकता और संचार कार्यनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना। संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	एफएसएसएआई-डब्ल्यूएचओ मास्टर क्लास कार्यक्रम (अंत:क्रियात्मक सत्र) (लीडर्स लाउंज; तल-2) विषय: कोडेक्स और डब्ल्यूएचओ रूपरेखा, सिद्धांत और उपकरण	
13:15 – 14:00			नेटवर्किंग लंच और "स्पाइस रूट" शोकेस (बहुउद्देश्यीय हॉल; तल-3)
14:00 – 15:15	सत्र *VII:* खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना: सामरिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से (सभागार-2*;* तल-2) विषय: स्थायी खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका, छोटे खाद्य व्यापारों को सशक्त बनाने हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के नेतृत्व प्रयास, एंटीबायोटिक विकल्पों के लिए अनुसंधान और विकास से संबंधित भागीदारी, उद्योग-आधारित प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से एएमआर निगरानी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन और संकट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	साथ में द्विपक्षीय और नेटवर्किंग सत्र (द्विपक्षीय कक्ष; तल-1)	
15:15 – 15:30			चाय/कॉफी ब्रेक और संधारणीय खाद्य सुरक्षा प्रथाओं की प्रदर्शनी (कार्यक्रम पूर्व क्षेत्र; तल-2)
15:30 – 16:45	सत्र *VIII:* मोटापे से निपटना : पोषण, स्वास्थ्य और उपभोक्ता जागरूकता (सभागार-2*;* तल-2) विषय: विविध पोषक तत्व युक्त आहार, भोजन के सुधार में विनियमन की भूमिका: श्रीअन्न और उन्नत पोषक तत्व वितरण प्रणालियों को बढ़ावा देना, विज्ञापन और विपणन को नियंत्रित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरक नियामक तंत्र संदर्भ निर्धारण, मुख्य भाषण और पैनल चर्चा	साथ में द्विपक्षीय और नेटवर्किंग सत्र (द्विपक्षीय कक्ष; तल-1)	
16:45 – 17:45	समापन समारोह (सभागार-2*;* तल-2) समापन टिप्पणियाँ और विदाई भाषण		

प्रमुख विषयगत क्षेत्र और सत्र चर्चाएँ

इस शिखर सम्मेलन की संरचना आठ अंतर-संबंधित पूर्ण सत्रों के आस पास तैयार की गई है, जो सीधे तौर पर एफएसएसएआई के मुख्य संगठनात्मक संरचना के अनुरूप हैं, उच्च-स्तरीय समानांतर सम्मेलनों द्वारा पूरित हैं, जो खाद्य सुरक्षा विनियमन के सबसे जरूरी और दूरदर्शी पहलुओं को दर्शाते हैं, जिन्हें वैश्विक, राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय प्रासंगिकता के साथ संरेखित करने और लैब-टू-लाइफ इनोवेशन "थीम के साथ संरेखित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

सत्र I: वैश्विक विनियामक सामंजस्य और नीति रूपरेखा

कार्यनीतिक फोकस : कोडेक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने और विनियामक सुसंगतता को बढ़ावा देकर एक एकीकृत वैश्विक नीति परिदृश्य स्थापित करना। इस सत्र में व्यापार के विवादों को कम करने और सीमाओं के पार एकरूप सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए पारस्परिक मान्यता समझौतों, विनियामक प्रभाव आकलन और सैंडबॉक्स जैसे नवीन नीतिगत उपकरणों के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

चर्चा के विषय :

कोडेक्स एलीमेंटेरियस कार्यान्वयन और उससे आगे : कोडेक्स मानकों के लिए व्यावहारिक अपनाने की कार्यनीतियां, सामंजस्य के लिए संस्थागत तंत्र, और वैश्विक मानक-निर्धारण में क्षेत्रीय निकायों की भूमिका।

व्यापार सुविधा एवं विनियामक सामंजस्य : भिन्न राष्ट्रीय मानकों से उत्पन्न होने वाली व्यापार जटिलताओं का समाधान करना, पारस्परिक मान्यता समझौतों की खोज करना, तथा संघीय संरचनाओं के अंदर अंतर-राज्यीय विनियामक संरेखण को बढ़ावा देना।

विनियामक प्रभाव आकलन (आरआईए) और सर्वोत्तम प्रथाएं : विनियामक प्रभाव विश्लेषण में वैश्विक प्रकरण अध्ययनों पर ज्ञान साझा करना, प्रभावशीलता, दक्षता और अनपेक्षित परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना।

नीतिगत नवाचार के लिए विनियामक सैंडबॉक्स : राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने से पहले नियंत्रित वातावरण में नई नीतियों (जैसे, डिजिटल ट्रेसिबिलिटी, नए व्यापार मॉडल) का परीक्षण करने के लिए विनियामक सैंडबॉक्स के डिजाइन और कार्यान्वयन पर चर्चा करना।

क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता : वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए विकासशील देशों को उनकी विनियामक प्रणालियों को मजबूत करने में सहायता देने के लिए कार्यनीतियों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना।

सत्र II: संधारणीय खाद्य प्रणालियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकियों का एकीकरण

कार्यनीतिक फोकस : स्थायी प्रथाओं के नियामक निहितार्थों की जाँच करके पर्यावरणीय प्रबंधन को खाद्य सुरक्षा के साथ एकीकृत करना। यह सत्र चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए रूपरेखा बनाने, जलवायु से होने वाले खाद्य सुरक्षा जोखिमों का समाधान करने और लचीली एवं पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी खाद्य प्रणालियों के निर्माण में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका का मूल्यांकन करने पर केंद्रित होगा।

चर्चा के विषय :

संधारणीय खाद्य उत्पादन मानक : पुनर्योजी कृषि, जलवायु-अनुकूल फसलें और संधारणीय जलीय कृषि जैसी पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार प्रथाओं के लिए विनियामक प्रोत्साहन विकसित करना।

खाद्य प्रणालियों में चक्रीयता : फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान और प्रसंस्कृत खाद्य अपशिष्ट को न्यूनतम करने के लिए विनियामक रूपरेखा पर ध्यान केन्द्रित करना, जिसमें पुनर्चक्रित खाद्य संपर्क सामग्री (जैसे आरपीईटी) के लिए विनियमन शामिल हैं।

उभरते हुए प्रदूषकों पर विचार : खाद्य प्रदूषकों के रूप में सूक्ष्म और नैनो प्लास्टिक से जुड़े विनियामक सरोकारों और वैज्ञानिक मूल्यांकन पर चर्चा।

जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा : खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का विश्लेषण करना (जैसे, माइकोटॉक्सिन में वृद्धि, नए कीट पैटर्न) और अनुकूली विनियामक कार्यनीतियों का विकास करना।

संधारणीयता के लिए जैव प्रौद्योगिकी : जैव प्रौद्योगिकियों (जैसे जीन संपादन) के लिए विनियामक परिदृश्य की जांच करना,

जिनके उपयोग से फसलों की नम्यता बढ़ाई जा सकती है, कीटनाशकों का उपयोग कम किया जा सकता है और संधारणीय खाद्य प्रणालियों में योगदान दिया जा सकता है।

सत्र III: गतिशील खाद्य परिदृश्य - व्यावहारिक दृष्टिकोण की आवश्यकता

कार्यनीतिक फोकस : खाद्य प्रौद्योगिकी में तेज़ी से हो रहे नवाचार के साथ तालमेल बिठाने में सक्षम, चुस्त और व्यावहारिक विनियामक रूपरेखा विकसित करना। यह सत्र नए खाद्य पदार्थों, जैसे कि कोशिकीय कृषि और सटीक किण्वन, के लिए स्पष्ट अनुमोदन मार्ग बनाने पर केंद्रित होगा, साथ ही मज़बूत सुरक्षा आकलन सुनिश्चित करने और उपभोक्ता विश्वास बनाने पर भी केंद्रित होगा।

चर्चा के विषय :

नवीनता के लिए सुदृढ़ विनियामक मार्ग : नवीन खाद्य प्रौद्योगिकियों (जैसे, कोशिकीय कृषि, सटीक किण्वन) के लिए सुरक्षित, लचीली और स्पष्ट अनुमोदन प्रक्रियाओं की स्थापना।

नवाचार और सुरक्षा में संतुलन : उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों पर चर्चा करना और पारदर्शी एवं विज्ञान-आधारित विनियमन के माध्यम से उपभोक्ता विश्वास सुनिश्चित करना।

तीव्र नवाचार और व्यापार में सुगमता : गतिशील खाद्य उद्योग को समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रौद्योगिकियों और नवीन खाद्य उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना।

सुरक्षा आकलन पर वैश्विक सहयोग : प्रयासों के दोहराव से बचने और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए नई खाद्य प्रौद्योगिकियों के सुरक्षा आकलन पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए रूपरेखा स्थापित करना।

उपभोक्ता संचार और विश्वास निर्माण : उपभोक्ता विश्वास बनाने के लिए नवीन खाद्य पदार्थों के लाभों और जोखिमों के बारे में जनता के साथ पारदर्शी संचार के लिए कार्यनीति विकसित करना।

सत्र IV: पारंपरिक खाद्य पदार्थ और वैश्विक मानक

कार्यनीतिक फोकस : पारंपरिक और जातीय खाद्य पदार्थों के लिए वैश्विक मानक विकसित करके प्राचीन खाद्य ज्ञान और आधुनिक पोषण विज्ञान के बीच अंतर को मिटा देना। इस सत्र में कार्यात्मक और व्यक्तिगत खाद्य पदार्थों की बढ़ती श्रेणियों के लिए विनियामक मार्गों की भी खोज की जाएगी, ताकि उनकी सुरक्षा, प्रभावकारिता और सत्य दावों को सुनिश्चित किया जा सके।

चर्चा के विषय:

पारंपरिक खाद्य पदार्थों के लिए वैश्विक विनियम : पारंपरिक खाद्य पदार्थों को विनियमित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दृष्टिकोणों की जांच करना और सामंजस्य के लिए मार्गों की पहचान करना।

पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का एकीकरण : सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए आयुर्वेद आहार जैसी प्रणालियों को आधुनिक विनियामक रूपरेखा में एकीकृत करने पर चर्चा करना।

कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के लिए रूपरेखा : कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के स्वास्थ्य संबंधी दावों को प्रमाणित करने के लिए स्पष्ट मानदंड स्थापित करना, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित हैं।

व्यक्तिगत पोषण को विनियमित करना : डेटा गोपनीयता से लेकर सुरक्षा और प्रभावकारिता तक, व्यक्तिगत पोषण सेवाओं और उत्पादों को विनियमित करने की चुनौतियों का समाधान करना।

पोषण संबंधी स्वास्थ्य के लिए खाद्य विविधता को बढ़ावा देना : इस बात पर प्रकाश डालना कि किस प्रकार पारंपरिक, कार्यात्मक और व्यक्तिगत खाद्य पदार्थ सामूहिक रूप से वैश्विक खाद्य विविधता में योगदान कर सकते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकते हैं।

सत्र V: बुद्धिमानी से निगरानी और सक्रिय जोखिम प्रबंधन के लिए डिजिटल प्रणालियों का उपयोग

कार्यनीतिक फोकस : डिजिटल परिवर्तन की शक्ति का उपयोग करके खाद्य सुरक्षा को प्रतिक्रियात्मक से सक्रिय मॉडल में

बदलना। यह सत्र एआई और बिगडेटा का उपयोग करके बुद्धिमान निगरानी प्रणालियों (इंटेलिजेंट सर्वेलेंस सिस्टम्स) के निर्माण, प्रयोगशाला नेटवर्क को मजबूत करने और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला ट्रेसबिलिटी और अखंडता के लिए ब्लॉकचेन का लाभ उठाने पर केंद्रित होगा।

चर्चा के विषय :

जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणालियाँ : संसाधनों को प्राथमिकता देने और विनियामक निरीक्षण की दक्षता बढ़ाने के लिए डेटा-संचालित, जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणालियों को कार्यान्वित करना।

लैब नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव : सटीक परीक्षण और तीव्र निदान के लिए एआई, स्वचालन और अगली पीढ़ी के विश्लेषणात्मक तरीकों के साथ लैब नेटवर्क को मजबूत करना।

वैश्विक ट्रेसेबिलिटी और ई-कॉमर्स विनियमन : खाद्य प्रमाणीकरण के लिए वैश्विक अनुमार्गणीयता (ट्रेसेबिलिटी) में सुधार करना और सीमा पार ई-कॉमर्स खाद्य क्षेत्र के लिए सामंजस्यपूर्ण विनियामक रूपरेखा का विकास करना।

प्रकोप की रोकथाम के लिए पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण : संभावित खाद्य सुरक्षा हॉटस्पॉट का पूर्वनुमान लगाने और प्रकोप होने से पहले उसे रोकने के लिए एआई और बिग डेटा के उपयोग की खोज करना।

आपूर्ति श्रृंखला अखंडता के लिए ब्लॉकचेन : जटिल वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में पारदर्शिता, पता लगाने की क्षमता और विश्वास को बढ़ाने के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता और चुनौतियों का आकलन करना।

सत्र VI: विनियामकों को सशक्त बनाना : जटिल खाद्य प्रणाली के लिए अगली पीढ़ी के कौशल

कार्यनीतिक फोकस : अगली पीढ़ी के विनियामक कौशल की पहचान और विकास करके वैश्विक खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की मानव पूंजी में निवेश करना। यह सत्र आधुनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता, एक सक्रिय खाद्य सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने और नियामकों को एक जटिल दुनिया के लिए आवश्यक संचार और सॉफ्ट स्किल्स से युक्त करने पर केंद्रित होगा।

चर्चा के विषय :

विनियामक प्रशिक्षण का आधुनिकीकरण : खाद्य निरीक्षकों के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार करना जिसमें डेटा साइंस, जोखिम संचार, जैव प्रौद्योगिकी और वृत्तीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को शामिल किया गया हो।

सक्रिय खाद्य सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना : विनियामक एजेंसियों और खाद्य व्यवसायों दोनों के अंदर प्रतिक्रियात्मक अनुपालन से रोकथाम की सक्रिय संस्कृति की मानसिकता को बदलने की कार्यनीतियाँ।

डिजिटल युग में जोखिम संचार : नियामकों के लिए कौशल विकसित करना ताकि वे जटिल विज्ञान, अनिश्चितता और खाद्य सुरक्षा घटनाओं को सोशल मीडिया से प्रभावित जनता तक स्पष्ट रूप से पहुंचा सकें।

कार्यबल विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी : कुशल खाद्य सुरक्षा पेशेवरों का भावी समूह बनाने के लिए सरकार, शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोगात्मक कार्यक्रम बनाना।

आधुनिक नियामक के लिए सॉफ्ट स्किल्स : प्रभावी वैश्विक सहयोग के लिए आलोचनात्मक सोच, अनुकूलनशीलता और सहयोगात्मक समस्या-समाधान के महत्व पर जोर देना।

सत्र VII : कार्यनीतिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से : खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना

कार्यनीतिक फोकस : साझा विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाते हुए गतिशील सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल स्थापित करके पारंपरिक निगरानी से आगे बढ़ना। इस सत्र में अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) और एएमआर निगरानी से लेकर संयुक्त संकट प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को मज़बूत करने तक, हर चीज़ के लिए सहयोगी रूपरेखाओं पर चर्चा की जाएगी।

चर्चा के विषय :

संधारणीय खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी की भूमिका : यह पता लगाना कि किस

प्रकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी से एक संधारणीय खाद्य सुरक्षा संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है तथा लघु एवं मध्यम आकार के खाद्य व्यापारों को सशक्त बनाने की पहल की जा सकती है।

सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास तथा एएमआर निगरानी : एंटीबायोटिक विकल्पों के लिए अनुसंधान के आसपास सहभागिता को बढ़ावा देना, तथा एएमआर निगरानी के लिए उद्योग-नेतृत्व वाली प्रायोगिक परियोजनाओं की स्थापना करना।

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन को मजबूत करना : व्यवधानों के प्रति अधिक लचीली और सुरक्षित वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच संयुक्त कार्यनीतियों पर चर्चा करना।

खाद्य प्रमाणीकरण और अखंडता को बढ़ाना : धोखाधड़ी से निपटने और उत्पाद अखंडता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रमाणीकरण के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण और प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना।

संयुक्त संकट प्रबंधन : खाद्य सुरक्षा घटनाओं के प्रति सार्वजनिक-निजी प्रतिक्रिया के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना, त्वरित संचार, समन्वित वापसी और प्रभावी सार्वजनिक संदेश सुनिश्चित करना।

सत्र VIII : मोटापे से मुकाबला : पोषण, फिटनेस और उपभोक्ता जागरूकता

कार्यनीतिक फोकस : जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गैर-संचारी रोगों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में खाद्य विनियमन की भूमिका का परीक्षण करना। इस सत्र में पोषण संबंधी कार्यनीतियों पर ध्यान केंद्रित होगा, जैसे आहार विविधता को बढ़ावा देना, खाद्य सुधार को प्रोत्साहित करना, और ऐसी नीतियों को कार्यान्वित करना जो उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाती हैं।

चर्चा के विषय :

विविध पोषक तत्वों से भरपूर आहार को बढ़ावा देना : श्रीअन्न सहित खाद्य विविधीकरण के लिए विनियामक और प्रचारात्मक कार्यनीतियाँ, तथा खाद्य सुदृढ़ीकरण के लिए रूपरेखाएँ।

खाद्य सुधार के लिए विनियमन : नमक, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा को कम करने के लिए प्रसंसाधित खाद्य पदार्थों के सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए विनियामक तंत्र की जांच करना।

उपभोक्ता जागरूकता और उत्तरदायी विपणन : विशेष रूप से बच्चों के लिए खाद्य पदार्थों के विज्ञापनों को नियंत्रित करने के लिए विनियामक तंत्र पर चर्चा, तथा उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की कार्यनीतियों पर व्यापक चर्चा।

राजकोषीय नीतियां और सार्वजनिक स्वास्थ्य : स्वस्थ आहार को बढ़ावा देने में चीनी-मीठे पेय पदार्थों पर कर जैसे राजकोषीय उपायों की भूमिका और प्रभाव पर बहस।

एफएसएसएआई
fssai
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF
HEALTH AND
FAMILY WELFARE

FDA Bhawan, Kotla Road, New Delhi -110002

Connect with FSSAI

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

To know more about Global Food Regulators Summit 2025 please scan QR code